# डॉ. राम मनोहर लोहिया एजूकेशनल ट्रस्ट की बैठक दिनांक 20.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 15.05.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 20.05.2022 को डॉ. राम मनोहर लोहिया एजूकेशनल ट्रस्ट, 502/44, मुकारिम नगर, डालीगंज, लखनऊ के ट्रस्ट बोर्ड की बैठक मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सुधारानी वर्मा की अध्यक्षता में डॉ. राम मनोहर लोहिया एजूकेशनल ट्रस्ट के बैठक कक्ष में प्रातः 11.00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

**एजेण्डाः-**

1- ट्रस्ट बोर्ड की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2- डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3- अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से।

| क्रमांक | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1- | सुधारानी वर्मा | मैनेजिंग ट्रस्टी | Sudha Rani Verma |
| 2- | वीरेन्द्र सिंह | ट्रस्टी | Virendra |
| 3- | सुधा वर्मा | ट्रस्टी | सुधावर्मा |

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदया ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः-

**प्रस्ताव-1-** कार्यकारिणी की पिछली बैठक कार्यवाही न्यासी श्री वीरेन्द्र सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

**प्रस्ताव-2-** श्रीमती सुधारानी वर्मा, मैनेजिंग ट्रस्टीने यह प्रस्ताव किया कि ट्रस्ट द्वारा संचालित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, ग्राम बरदरी, परगना बदोसराय, तहसील सिरौलीगौसपुर, जिला बाराबंकी के नाम से भूमि गाटा संख्या-1206 रकबा-1.8860 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या-1210 रकबा-2.5020 के अतिरिक्त भी भूमियाँ उपलब्ध हैं जिसमें गाटा संख्या-1206 रकबा-1.8860 हेक्टेयर पर महाविद्यालय का भवन निर्मित एवं संचालित है, तथा उक्त भूमि महाविद्यालय हेतु मानक से अधिक है। अतः महाविद्यालय की अतिरिक्त भूमि गाटा संख्या-1210 रकबा-2.5020 में से रकबा-1.120 हेक्टेयर पर एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन किया जाना समाज हित में आवश्यक प्रतीत होता है।

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम बरदरी, परगना बदोसराय, तहसील सिरौलीगौसपुर, जिला बाराबंकी में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और महाविद्यालय की अतिरिक्त भूमि गाटा संख्या-1210 रकबा-2.5020 में से रकबा-1.120 हेक्टेयर को फार्मेसी कॉलेज को आवंटित कर स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सुधारानी वर्मा को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन, फर्नीचर, बेतन, आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सुधारानी वर्मा को अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव-3-** श्रीमती सुधा वर्मा, न्यासी ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'चौधरी चरण सिंह कालेज ऑफ फार्मेसी' (Chaudhary Charan Singh College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया।

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'चौधरी चरण सिंह कालेज ऑफ फार्मेसी' (Chaudhary Charan Singh College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया।

Virendra
Trustee
Dr. Ram Manohar Lohia Educational Trust
502/44 Mukarim Nagar, Daliganj,Lucknow-226020

Sudha Rani
Managing Trustee
Dr. Ram Manohar Lohia Educational Trust
502/44 Mukarim Nagar, Daliganj,Lucknow-226020

**प्रस्ताव-4-** श्री वीरेन्द्र सिंह, न्यासी ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्ताव संख्या-2 में चिन्हित भूमि को प्रस्तावित फार्मसी कॉलेज को 30 वर्षो हेतु लीज कर दिया जाय।

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से महाविद्यालय की प्रबन्धक एवं ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टीको ग्राम बरदरी, परगना बदोसराय, तहसील सिरौलीगौसपुर, जिला बाराबंकी की भूमि गाटा संख्या-1210 रकबा-2.5020 में से रकबा-1.120 हेक्टेयर (2.7664 एकड़) को 'चौधरी चरण सिंह कालेज ऑफ फार्मेसी' (Chaudhary Charan Singh College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु लीज पर देने हेतु अधिकृत किया एवं उप निबंधक, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी के कार्यालय में निबंधित कराने एवं उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन तथा सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु श्रीमती सुधारानी वर्मा, मैनेजिंग ट्रस्टीको अधिकृत किया गया।

**प्रस्ताव-5-** श्रीमती सुधा वर्मा, न्यासी ने प्रस्तावित 'चौधरी चरण सिंह कालेज ऑफ फार्मेसी' (Chaudhary Charan Singh College of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सुधारानी वर्मा को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

**अनुमोदन-** उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से मैनेजिंग ट्रस्टीश्रीमती सुधारानी वर्मा को प्रस्तावित 'चौधरी चरण सिंह कालेज ऑफ फार्मेसी' (Chaudhary Charan Singh College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदया ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष जी के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'चौधरी चरण सिंह कालेज ऑफ फार्मेसी' (Chaudhary Charan Singh College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष जी को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

Sudha Rani Verma
Managing Trustee
Dr. Ram Manohar Lohia Educational Trust
502/44 Mukarim Nagar, Daliganj,Lucknow-226020

Virendra
Trustee
Dr. Ram Manohar Lohia Educational Trust
502/44 Mukarim Nagar, Daliganj,Lucknow-226020